**राज्यपाल सचिवालय, बिहार**
बिहार लोक भवन, पटना–800022

पत्रांकः– BSU (Directive)-43/2023(Part-II)- 1975 /रा.स.(I) दिनांकः– 07/09/26

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह, भा.प्र.से.**
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

**कुलपति / कुलसचिव,**
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– शिक्षकेत्तर कर्मियों की प्रोन्नति संबंधी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करने के संबंध में।

प्रसंगः– BSU (Directive)-43/2023(Part-II)-**102** दि0–12.01.2024, पत्रांक–1060 दि0 01.06.2026 एवं पत्रांक–1351 दि0 25.06.2026

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों द्वारा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की प्रोन्नति संबंधी लंबित मामलों का दिनांक 15.09.2026 तक निष्पादित करने का आदेश दिया गया था, परन्तु सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–5066, दिनांक–11.04.2019 एवं अधिसूचना सं– 19300, दिनांक–13.10.2023 के आलोक में प्रोन्नति प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु आदेश देने की अपेक्षा की गयी है।

प्रसंगवश उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं–19300, दिनांक–13.10.2023 में राज्यधीन सेवाओं की प्रोन्नति के पद सोपान में अस्थायी व्यवस्था अंतर्गत राज्य कर्मियों को प्रोन्नति के पदानुक्रम में विहित वेतनमान के साथ उच्चतर पद का प्रभार देने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है जिसके कंडिका 2(3) में वर्णित है कि **'इस नियमावली का विस्तार राज्य पोषित संस्थानों, वैधानिक संकायों, समितियों एवं ऐसे संस्थानों में भी होगा, जो राज्य सरकार के वित्तीय समर्थन से संचालित / कार्यान्वित की जाती है।'**

अतः अनुरोध है कि शिक्षकेत्तर कर्मियों के प्रोन्नति संबंधी लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के अंदर सुनिश्चित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,
7/9/2026
**(दीपक कुमार सिंह)**
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– BSU (Directive)-42/2023(Part-II)- 1975 /रा.स.(I) दिनांकः– 07/09/26

प्रतितिपिः–माननीय राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित / राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / संयुक्त निदेशक, NIC को बिहार लोक भवन के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित / संबंधित पदाधिकारी, विश्वविद्यालय शाखा, राज्यपाल सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित।

7/9/26
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव